INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII	Department: Hindi (2nd Lang)	Date : 10.11.22
व्याकरण	Topic: **वृद्धि संधि,** पर्यायवाची, वाक्य शुद्धि	Note: Pls. write in your Hindi note book

वृद्धि संधि-

नियम-1 जब (अ, आ) के बाद (ए, ऐ) आए तो संधि करने पर 'ऐ' हो जाता है।

1- अ + ए = ऐ एक + एक = एकैक

2- अ + ऐ = ऐ मत + ऐक्य = मतैक्य

3- आ + ए = ऐ सदा + एव = सदैव

4- आ + ऐ = ऐ महा + ऐश्वर्य = महैश्वर्य

नियम- 2 जब (अ, आ) के बाद (ओ, औ) आए तो संधि करने पर 'औ' हो जाता है।

1- अ + औ = औ वन + औषधि = वनौषधि

2- आ + औ = औ महा + औषधि = महौषधि

3- अ + औ = औ परम + औषध = परमौषध

4-आ + औ = औ महा + औषध = महौषध

निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए -

1 तथा + एव = तथैव

2 धन + ऐश्वर्य = धनैश्वर्य

3 विद्या +ऐश्वर्य = विद्यैश्वर्य

4 लोक + एषणा = लोकैषणा

5 जल + ओध = जलौध

6 महा + ओज = महौज

7 महा + ओजस्वी = महौजस्वी

8 महा +ओध = महौध

निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -

1- अहंकार = घमंड , अभिमान

2- इच्छा = चाह , कामना

3- गहना = आभूषण , ज़ेवर

4- कोष = खज़ाना , निधि

5- पथिक = राही , यात्री

6- पवित्र = पावन , शुचि

7- राक्षस = दानव, असुर

8- रावण = दशानन , लंकेश

9- सवेरा = सुबह, प्रात:

10- हिरन = मृग, सारंग

11- साँप = सर्प, नाग

12- बाल = केश, अलक

वाक्य शुद्धि

कारक-संबंधी अशुद्धियाँ

1. **- हमने** यह काम करना है।

उत्तर- **हमें** यह काम करना है।

2. - मैंने राम **को** एक प्रश्न पूछा।

उत्तर- मैंने राम **से** एक प्रश्न पूछा।

3. - **मैंने उसके घर** नहीं जाना है ।

उत्तर- **मुझे उसके घर** नहीं जाना है ।

4. - मेरे नये पते **से** चिट्ठियाँ भेजना।

उत्तर- मेरे नये पते **पर** चिट्ठियाँ भेजना।

सर्वनाम-संबंधी अशुद्धियाँ

5. - **मेरे को** यह बात पसंद नहीं।

उत्तर- **मुझे** यह बात पसंद नहीं।

6. - आप **आपका** काम करो।

उत्तर- आप **अपना** काम करो।

7. - **वह** सब भले लोग हैं।

उत्तर- **वे** सब भले लोग हैं।

8. - मैं **उन्होंके** पिताजी से जाकर मिला।

उत्तर- मैं **उनके** पिताजी से जाकर मिला।

पदक्रम-संबंधी अशुद्धियाँ

9. -छात्रों ने मुख्य अतिथि को **एक फूलों की माला** पहनाई।

उत्तर- छात्रों ने मुख्य अतिथि को **फूलों की एक माला** पहनाई।

10. - भीड़ में **चार पटना के व्यक्ति** भी थे।

उत्तर - भीड़ में **पटना के चार व्यक्ति** भी थे।

पुनरुक्ति-संबंधी अशुद्धियाँ

11. - मेरे मना करने के **बावजूद भी** वह चला गया।

उत्तर- मेरे मना करने के **बावजूद** वह चला गया।

12. - **प्रातः काल के समय** टहलना चाहिए|

उत्तर- प्रातः काल टहलना चाहिए|

==